# शहीदों की याद में नगर निगम ने निकाला स्वच्छता मार्च

शेखर टाइम्स संवाददाता

**शाहजहांपुर।** अमर सपूतों द्वारा स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान काकोरी कान्ड में प्रतिभाग कर अपने प्राणों की आहूति दी गई। इन अमर सपूतों को विभिन्न जेलों में 19 दिसम्बर 1927 को फांसी दी गई थी।

अमर शहीदों के शहादत दिवस को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। शहीद दिवस पर नगर निगम ने श्रद्धांजलि स्वरूप महानगर वासियों को स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किये जाने हेतु नगर आयुक्त के नेतृत्व में बिस्मिल पार्क से अशफाक उल्ला खॉ की मजार तक स्वच्छता रैली का आयोजन किया।



स्वच्छता मार्च में शामिल नगर आयुक्त सहित अन्य अधिकारी



सफाई कर्मियों को स्वच्छता का निर्देश देते नगर आयुक्त

नगर निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विभिन्न व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों तथा डा0 अवधेश मणि त्रिपाठी द्वारा प्रतिभाग किया गया। नगर आयुक्त ने नगर वासियों से अस्वच्छता से आजादी की मुहिम का आहावान किया गया । शहीद अशफाक उल्ला खॉ के प्रपौत्र आफाक उल्ला खॉ ने स्वच्छता मार्च की प्रशंसा की। नगर वासियों से स्वच्छता में बढ़-चढ़ लेने की अपील गई तथा कहा गया कि स्वच्छ ही शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी अल्पना श्रीवास्तव द्वारा सफाई कर्मचारियों के सम्मान के साथ उनको स्वच्छता सैनिक नाम प्रदान किया गया। पैदल मार्च के समय ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता के प्रति सतर्कता एवं जागरूकता कोविड-19 के दृष्टिगत किया गया। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा पैदल मार्च में नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा उप नगर आयुक्त आशुतोष कुमार दुबे,सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, अंगद गुप्ता एवं स्वच्छता प्रभारी अल्पना श्रीवास्तव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 ओपी गौतम, व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष सचिन बाथम, राजीव खन्ना, लक्ष्मीकान्त मिश्रा, अशोक गुप्ता, लकी खान, विजेन्द्र, महेन्द्र दुबे, राजेन्द्र सक्सेना, दुजेन्द्र मिश्रा, सुरेन्द्र सेठ , चन्द्रवीर सागर, हरवंश दीक्षित,पवन, सुनील शाक्य, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक विनय प्रताप सिंह डी0सी0 स्वच्छ भारत मिशन आदि उपस्थित रहे।

प्रात:काल नगर आयुक्त ने शहीद दिवस पर शहीद अशफाक उल्ला खॉ की मजार, शहीद ठाकुर रोशन सिंह की प्रतिमा, शहीद नायक जदुनाथ सिंह की प्रतिभा,शहीदों की प्रतिमाओं स्थित टाउनहाल, पं0 रामप्रसाद बिस्मिल की प्रतिमा स्थित बिस्मिल पार्क, अम्बेडकर पार्क, शहीद उद्यान एवं गॉधी भवन में स्थित गॉधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।